तापमान

अधिकतम 36 .5 डिग्री
न्यूनतम 21.8 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 सितंबर, 2025

11 नगर निगम को मिली 35 करोड़ की सौगात



12 मदीना के 1500 एकड़ रकबे में बरसाती पानी



## खबर संक्षेप



### 10 हजार रुपये का इनामी गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-1 की टीम ने एनडीपीएस के मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपये के ईनामी आरोपी गौतम निवासी जड़थल की ढयाणी जिला रेवाडी को भिवाड़ी से काबू कर एचएनसीबी रेवाडी टीम के हवाले किया है। प्रभारी सीआईए-1 कुलदीप सिंह ने बताया कि आरोपी देवदत निवासी बावल जिला रेवाडी के खिलाफ थाना बावल जिला रेवाडी में केस दर्ज है। आरोपी देववत को प्रतिंबधित नशीले कैप्सूल सहित काबू किया गया था। आरोपी देववत प्रतिबंधित कैप्सूल आरोपी गौतम से खरीद कर लाया था।

### प्रो. योगेंद्र बने सीडीएस के एडिशनल डायरेक्टर

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विधि विभाग के प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र को सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज के एडिशनल डायरेक्टर का कार्यभार सौंपा है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि प्रो. योगेंद्र को सीडीएस के एडिशनल डायरेक्टर का दायित्व तुरंत प्रभाव से अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर दिया गया है।

### कार छीनने व वसूली का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस कार छीनने व वसूली करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान आरोपी आशीष निवासी गांव नांदल के रूप में हुई है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुशील ने बताया कि गोहाना अड्डा, निवासी नितिन की शिकायत पर केस दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि आशीष और नितिन में रुपयों का लेन देन था। आरोप है कि बाद में आशिष ने नितिन की गाड़ी छीन ली और रुपय नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी।

# गांव कंसाला में मकान की छत गिरने से महिला की मौत, बेटा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव कंसाला में देर रात एक बड़ा हादसा हो गया, जब अचानक एक मकान की छत गिरने से 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसे के समय महिला अपने बेटे के साथ कमरे में सो रही थी। सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मलबे में दबे शव को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए डेड हाउस भेज दिया। मृतका की पहचान सुनील (पत्नी नरेश) निवासी गांव कंसाला के रूप में हुई है। हादसे में उनका बेटा कृष्ण मामूली रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्रशासन को पहले ही सूचित किया था



मृतक सुनील

*घायल कृष्ण ने बताया कि पिछले दिनों हुई तेज बरसात के कारण मकान की दीवारों और छत में दरारें आ गई थीं। छत की कड़ी भी कमजोर हो चुकी थी, जिसकी सूचना प्रशासन को पहले ही दी गई थी। मगर समय रहते कोई समाधान नहीं हो सका। कृष्ण ने बताया कि मकान काफी पुराना था और इसी वजह से देर रात अचानक छत भरभराकर गिर गई। इस हादसे में उसकी मां सुनील की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वह स्वयं हल्की चोटों से घायल हो गया।*

### बरसात से आई दरारें बनी हादसे का कारण



### ग्रामीण बोल- प्रशासन से मदद नहीं मिली

इस हादसे से गांव कंसाला में मातम छा गया। ग्रामीणों ने बताया कि मकान की हालत लंबे समय से जर्जर थी। कई बार इस बारे में चर्चा हुई, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मकान की मरम्मत नहीं हो सकी। हादसे की खबर से आसपास के लोगों में भी भय का माहौल है। बरसात के चलते जर्जर मकानों को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से सर्वे करवाने और समय रहते समाधान निकालने की मांग की है। बुजुर्गों का कहना है कि यदि समय रहते मकान की मरम्मत या कोई वैकल्पिक व्यवस्था हो जाती, तो यह दर्दनाक हादसा टल सकता था।

### पुलिस जांच कर रही

छत गिरने से महिला की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू करवाया। मलबा हटाकर शव को कब्जे में लिया गया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। वहीं घायल कृष्ण का उपचार स्थानीय अस्पताल में करवाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।
*-पंकज कुमार, आईएमटी थाना प्रभारी*

## परिवेदना समिति की बैठक : 20 में से 11 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा, 9 की सुनवाई बाद में

# बैठक में फरियादी महिलाओं का हंगामा मंत्री पंवार ने दिया आश्वासन, तब शांत हुई

सड़क में गड्ढे, सिविर लाइन, पेयजल संबंधी शिकायतें आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला विकास भवन में शुक्रवार को आयोजित जिला परिवेदना समिति की मासिक बैठक में दो फरियादी महिलाओं ने हंगामा किया। ऐसा करने की नौबत तब आई, जब महिलाएं अपनी शिकायत को लेकर मंत्री से मिलना चाहती थी। पुलिस ने उन्हें रोका तो उनका धैर्य जवाब दे गया। हंगामा होने के बाद मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के विकास एवं पंचायत, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने एक मामले में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान दूसरी महिला की फरियाद थी कि गत 19 जुलाई को नगर निगम ने मेरे पारस नगर स्थित घर के सामने बने चबूतरे को बिना नोटिस के तोड़ दिया। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मंत्री ने एसडीएम को जांच करने के आदेश दिए। बता दें कि बैठक में कुल 20 शिकायतें रखी थी। इनमें से 11 का हल मौके पर कर दिया गया। जबकि 9 पर अगली मीटिंग में विचार-विमर्श करने का निर्णय लिया गया है।



**रोहतक।** परिवेदना समिति की मासिक बैठक में समस्याओं का समाधान करवाते खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार।





**रोहतक।** परिवेदना समिति की बैठक के दौरान अपनी शिकायतें सुनाते फरियादी।

### मोतियाबिंद का गलत ऑपरेशन मुआवजा तय करने के लिए समिति बनाएं

मंत्री पंवार ने ईस्माइला 9-बी निवासी राजू सिंह की शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता को न्याय दिलवाया जाएगा। उन्होंने इस मामले में अतिरिक्त उपायुक्त, सिविल सर्जन, आंखों के विशेषज्ञ एवं लेखा विभाग के अधिकारी की मुआवजा तय करने के लिए समिति गठित करने के निर्देश दिए। शिकायकर्ता ने मोतियाबिंद होने पर गलत ऑपरेशन कर दाय आंख खराब करने बारे शिकायत दी है। झज्जर निवासी शमशेर सिंह की एक प्राइवेट अस्पताल के विरुद्ध दी गई शिकायत के संदर्भ में उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाया जाएगा। उन्होंने इस संदर्भ में रोहतक के उपमंडलाधीश को मेडिकल नेगलिजेंस बोर्ड के साथ निगरानी को कहा। शिकायतकर्ता की पत्नी सुमित्रा की मृत्यु के मामले में बोर्ड द्वारा 19 सितंबर को निर्णय लिया जाएगा। मंत्री ने स्थानीय सेक्टर 22 स्थित देवी बिहार निवासियों की शिकायत के संदर्भ में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को ट्रांसफार्मरों को अपग्रेड करवाने के निर्देश दिए।

### डेयरी वाले पर कार्रवाई हो

मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने हनुमान कॉलोनी निवासी उमेद सिंह की शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि संबंधित डेयरी संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा शिकायतकर्ता के मकान को हो रहे नुकसान की भरवाई करवाई जाए।

### पुरानी पाइप लाइन बदलें

मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सोनीपत रोड बसंत बिहार एवं अशोक नगर निवासियों की शिकायतों के संदर्भ में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्रों में नई सीवर लाइन व पुरानी पेयजल पाइप लाइन को बदने का काम करें।

### लीकेज ठीक होने तक टैंकरों से पानी पहुंचाएं

मंत्री ने आर्य चौपाल सेवा समिति की शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि नई पाइप लाइन का सरकार द्वारा स्वीकृत कर दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस क्षेत्र में पानी की लीकेज ठीक होने तक दोनों समय टेंकरों से पानी उपलब्ध करवाया जाए। पारस मोहल्ला के संजय कनोडिया की शिकायत की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला राजस्व अधिकारी से दोबारा मामले की जांच करवाने के निर्देश दिए।

### जर्जर भवन नया बनेगा

मंत्री पंवार ने विधायक बीबी बतरा की शिकायत पर कहा कि संबंधित धर्मशाला में कमर्शियल दस गज दुकान पर टैक्स देना होगा तथा शेष भवन के टैक्स को माफ करवा दिया जाएगा। सरकार द्वारा नए भवन का निर्माण करवाया जाएगा। भैणी महाराजपुर की सरपंच दर्शना व सांपला निवासी नीरज की शिकायत पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सड़क के गड्ढों को भरने के निर्देश दिए।

### टोल टैक्स माफ करवाएं

खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने चांदी टोल टैक्स पर 20 किमी. क्षेत्र में आने वाले गांवों के टोल टैक्स को माफ करने की मांग के बारे में एडीसी नरेंद्र कुमार से पता लगाने को कहा कि मकड़ौली टोल पर टैक्स माफ है या नहीं, वहां दायरे में पड़ने वाले गांवों का टोल टैक्स माफ है तो चांदी टोल टैक्स पर भी ऐसे गांवों का टोल टैक्स माफ करवाया जाएगा।

## इस बार त्योहारों पर पटाखे फोड़े तो होगी कार्रवाई



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में रोहतक सहित संपूर्ण एनसीआर क्षेत्र के सभी जिलों में पटाखों पर रोक लगाई गई है। न्यायालय के आदेश पर हरियाणा सरकार ने प्रदेश में पटाखों पर पूरी तरह रोक लगाई है। प्रदेश के एनसीआर क्षेत्र में पड़ने वाले जिलों में पटाखों के निर्माण, स्टोर करने, बिक्री करने और पटाखे फोड़ने पर पूरी तरह रोक लगी हुई है। सचिन गुप्ता ने कहा है कि न्यायालय के आदेशों को सख्ती से लागू करने के लिए जिला स्तर व खंड स्तर पर प्रवर्तन कमेटियों का भी गठन कर दिया गया है।

### एसडीएम करेंगे निगरानी

जिला स्तरीय कमेटी उपायुक्त और खंड स्तर कमेटी संबंधित एसडीएम की निगरानी में काम करेंगी। साथ ही शिकायत निवारण सैल का भी गठन किया गया तथा शिकायत करने के लिए फोन नंबर व इंटरनेट मीडिया अकाउंट भी जारी किया गया है। ऐसे में कोई भी जिला वासी पटाखे छोड़ने, बेचने, स्टोर करने वालों की शिकायत यहां पर कर सकता है। शिकायतकर्ता का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# रुड़की की मीनाक्षी हुड्डा ने वर्ल्ड बॉक्सिंग में रचा इतिहास, 5-0 से एक तरफा जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव रुड़की की बेटी मीनाक्षी हुड्डा ने इंग्लैंड की खिलाड़ी को हराकर भारत के लिए वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में पदक पक्का कर इतिहास रच दिया है। ब्रिटेन के लिवरपुल शहर में 4 से 14 सितम्बर तक चल रही इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मीनाक्षी ने शानदार खेल दिखाते हुए 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। मीनाक्षी हुड्डा आल इंडिया पुलिस में कार्यरत हैं और उन्होंने



अपने दमदार खेल कौशल से अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन किया है। अधिवक्ता राजनारायण पंघाल ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में पली-बढ़ी खिलाड़ी का विश्व स्तर पर पदक जीतना असाधारण है। यह साबित करता है कि बॉक्सिंग में भारत का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। साथ ही, भारतीय बॉक्सिंग संघ के महासचिव चौधरी प्रमोद कुमार युगल ने मीनाक्षी हुड्डा को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। मीनाक्षी ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है और अब पूरा देश उनसे स्वर्ण पदक की उम्मीद कर रहा है। मीनाक्षी की इस शानदार उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# एमडीयू गैर शिक्षक प्रधान के खिलाफ मैदान में उतरे उप प्रधान


**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के बीच विवाद निरंतर जारी है। संघ के बैंक खातों से लेनदेन के मामले को लेकर अब अब उप-प्रधान धर्मेंद्र शर्मा भी मैदान में आ गए हैं। उन्होंने खर्च को लेकर प्रधान अनिल मल्होत्रा एवं जनरल सेक्रेटरी अजमेर सिंह पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रधान एवं जनरल सेक्रेटरी ने पूरे साल खर्च एवं अन्य मामलों पर मनमानी की,किसी भी सदस्य को साथ लेकर चलने के प्रयास नहीं किए गए, यहां तक कि कोषाध्यक्ष डॉ विजय पाल के कार्यक्षेत्र मे जाकर उनके कार्य मे हस्तक्षेप किया गया। उपप्रधान ने बताया कि जब कोषाध्यक्ष ने खर्च हुए बिलों को लेकर आपत्ति जताई तो खर्च हुए पैसों के बिलों को ना तो अभी तक कोषाध्यक्ष को सौंपा गया है और ना ही पैसों की निकासी मे कोषाध्यक्ष के हस्ताक्षर करवाए गए जोकि नियमानुसार नहीं थे।अब कोषाध्यक्ष और उपप्रधान ने इसको लेकर वीसी को पत्र लिखा है जिसमे खर्च के ऑडिट की मांग की गई है।

## सैनी शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम में कई वीआईपी शामिल होंगे

# शहर में कल कई जगह रूट डायवर्ट रहेगा, सुरक्षा पुख्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आगामी रविवार 14 सितंबर को सैनी शिक्षण संस्थान में 75वीं वर्षगांठ का आसोजन किया जाएगा। इसमें कई वीवीआईपी शामिल होंगे। पुलिस प्रशासन ने आमजन की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है, साथ ही वीवीआईपी मूवमेंट के चलते सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाया गया है। पुलिस के अनुसार 14 सितम्बर को सुबह 8 बजे से लेकर कार्यक्रम के समापन तक सैनी स्कूल रोड पूरी तरह आमजन के लिए बंद रहेगा। यह बंदिश सैनी स्कूल रोड टी प्वाइंट, नजदीक सुखपुरा चौक से लेकर रेडियो स्टेशन चौक तक लागू रहेगी। इस दौरान केवल आपातकालीन वाहन जैसे एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस वाहन ही इस मार्ग से गुजर सकेंगे।




### ये रहे प्लान

- अंबेडकर चौक से सुखपुरा चौक की ओर जाने वाले वाहन छोटूराम चौक होकर गोहाना अड्डा, फिर दयानंद मठ चौक होते हुए सुखपुरा चौक पहुंच सकेंगे।
- सुखपुरा चौक से अंबेडकर चौक की ओर जाने वाले वाहन दयानंद मठ चौक, गोहाना अड्डा और छोटूराम चौक से होते हुए अंबेडकर चौक तक जाएंगे।

### पार्किंग की विशेष व्यवस्था

पुलिस ने वीवीआईपी कार्यक्रम में आने वाले वाहन चालकों के लिए तीन स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की है। वाहन चालक अपना वाहन पुलिस लाइन मैदान, राजकीय महिला महाविद्यालय, पशु अस्पताल हैफेड में खड़ा कर सकते हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर वाहन खड़े करने के बाद कार्यक्रम स्थल तक लोगों को पैदल जाना होगा।

### अनावश्यक आवागमन से बचें

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी किए गए डायवर्ट रूट का पालन करें और सैनी स्कूल रोड का उपयोग न करें। विशेषकर आसपास की कॉलोनियों के लोग अनावश्यक आवागमन से परहेज करें। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा और यातायात के लिए यह कदम उठाया गया है और इसमें आमजन का सहयोग बेहद आवश्यक है। किसी भी नागरिक को समस्या आती है तो पुलिस कर्मियों से सहायता ली जा सकती है।

बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी
अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा)
Established under Haryana Private Universities Act, 2006
Recognized by the UGC under 2(f) and Member, Association of Indian Universities (AIU)
9053066601 | www.bmu.ac.in



महंत बालकनाथ योगी
Chancellor, BMU

Zero Admission Fee* BMU SCHOLARSHIP PROGRAMS
or Free Laptop*
Eligibility Criteria: Marks 85% Above — Scholarship Upto 50%
Scholarship: Sibling, Single Girl Child, Physical Handicapped — Discount Upto 25% OFF

Admissions Open 2025-26

Programmes Offered by the University for Session 2025-26

| Programme | Fee Per Sem. |
|---|---|
| **FACULTY OF AYURVEDA** | |
| BAMS | 2,25,000/- |
| **FACULTY OF NURSING** | |
| ANM/GNM | -------- |
| B.Sc. Nursing | 1,05,000/- |
| Post Basic B.Sc. Nursing | 50,000/- |
| **FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES** | |
| D.Pharmacy | 37,500/- |
| B.Pharmacy | 45,000/- |
| M.Pharmacy | 50,000/- |
| **FACULTY OF PHYSIOTHERAPY** | |
| BPT/ MPT | 45,000/- |
| B.Sc. MLT | 31,000/- |
| Bachelor of Optometry | 31,000/- |
| **FACULTY OF SCIENCES** | |
| B.Sc. (Physical Sciences) (Physics, Chemistry, Mathematics) | 11,000/- |
| M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics) | 21,000/- |
| B.Sc. (Life Sciences) (Botany, Zoology, Chemistry) | 11,000/- |
| M.Sc. (Botany, Zoology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Bio-Technology) | 11,000/- |
| M.Sc. (Bio-Technology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Hons.) Agriculture | 31,000/- |
| **FACULTY OF LEGAL STUDIES** | |
| B.A.L.L.B • LL.B • LL.M | 27,500/- |
| **FACULTY OF MANAGEMENT AND COMMERCE** | |
| BBA | 15,000/- |
| BCA | 17,500/- |
| MBA • MCA | 26,000/- |
| B.Com. • M.Com. | 11,000/- |
| **FACULTY OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY** | |
| B.Tech. (CSE, ME, CE) | 30,000/- |
| M.Tech. (CSE, CE) | 30,000/- |
| **FACULTY OF HUMANITIES AND LIBERAL EDUCATION** | |
| B.A.; B.A. (Hons.) English; B.A. Journ. & Mass Comm.; B.Lib. & Info. Sci; M.Lib. & Info. Sciences; M.A. (English, Hindi, Journalism & Mass Comm., History, Economics, Sociology, Geography, Political Science) | 11,000/- |
| M.A. Sanskrit • Shastri (UG) | 2,500/- |

Ph.D. (All Streams) As Per UGC Norms.
B.Ed. ₹ 22,000/- (Fee Per Sem.) *Affiliated with MDU,Rohtak

New Programmes
VLDD (Diploma in Veterinary) | B.Sc. Nursing | B.Sc. (Hon.) (Agriculture)

Application Fee - 1000 || Admission Fee UG-7500, PG-12500 || Exam Fee- UG-2500, PG-3000 || Hostel Fee 70000 Per Year
*Terms & Conditions Apply

रेगिस्तान में चलने वाले ऊंट की 3 पलकें होती हैं।

कबूतर के पंखों का वजन उनकी हड्डियों से अधिक होता है।

# संवारें डिजिटल सेक्टर में भविष्य, सीखें स्किल



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## भारी डिमांड

### ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विजुअलाइजेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

**ये स्किल अहम :** 1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

**डिजिटल कोर्सेज :** सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़िक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

**जॉब ऑप्शन्स :** डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

**टॉप रिक्रूटर्स :** एफएमसीजी (फ्रास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

## स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उद्यमियों के लिए एक लाभदायक विकल्प होता है। इसमें वे अपने उत्पादों और सेवाओं को व्यापक रूप से प्रचार कर सकते हैं और अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। इस तरह से, उद्यमी संचार के लिए कम समय और पैसे खर्च करते हैं। डिजिटल सेक्टर युवा नए क्षेत्र में रोमांचक तरीके से काम कर सकते हैं। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है। आप अपने दौर के अनुसार उचित संसाधनों और उपकरणों के साथ काम कर सकते हैं जो आपको आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करते हैं। ऑनलाइन वर्क और प्लेटफ़ॉर्म्स पर सुरक्षित रहना और जिम्मेदारी से काम करना आ जाता है।

## डिजिटल सेक्टर के ट्रेंड्स

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

---

प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता यह कोर्स

# ‘परफ्यूजन टेक्नोलॉजी’ से मेडिकल के क्षेत्र में बनाएं शानदार करियर, सैलरी भी अच्छी



विपुल शर्मा

मोटिवेशनल स्पीकर

मेडिकल साइंस के क्षेत्र में जहां हर विभाग का अपना अलग महत्व है, वहीं परफ्यूज़निस्ट की भूमिका दिल की सर्जरी जैसे जटिल ऑपरेशनों के दौरान जीवनरक्षक बन जाती है। परफ्यूजन टेक्नोलॉजी में बीएससी कोर्स युवाओं को मेडिकल क्षेत्र में एक प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता है। परफ्यूज़निस्ट हृदय शल्यचिकित्सा (हार्ट सर्जरी) जैसे ऑपरेशनों के दौरान हृदय-फेफड़ा मशीन चलाते हैं, जो सर्जरी के समय हृदय और फेफड़ों की जगह कार्य करती है। वे सर्जरी के दौरान रक्त प्रवाह, ऑक्सीजन स्तर और दवाओं का संतुलन बनाए रखने में विशेषज्ञ होते हैं। हृदय और फेफड़ों के प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य होती है, जबकि गुर्दा (किडनी) या यकृत (लिवर) प्रत्यारोपण में भी उनकी आवश्यकता हो सकती है। इसके अतिरिक्त, हृदय और धमनियों से जुड़ी ऑन्को-सर्जरी (कैंसर सर्जरी) में भी आवश्यकता पड़ने पर परफ्यूज़निस्ट की सेवाएं ली जाती हैं। इस क्षेत्र में किसी भी युवा के लिए करियर बनाना बेहतरीन तरीका हो सकता है। इसकी बहुत डिमांड रहती है। यदि आप भी इस क्षेत्र में करियर आजमाना चाहते हैं तो आप एक चार साल का कोर्स कर परफ्यूज़निस्ट की भूमिका निभा सकते हैं। यह आपके करियर को चार चांद लगा सकता है। साथ आप मरीज की धड़कनों से रूबरू हो सकते हैं। इसलिए हर युवा इस क्षेत्र में अपना भाग्य आजमा सकता है।

**हृदय और फेफड़ों के ट्रांसप्लांट में परफ्यूजनिस्ट की भूमिका अनिवार्य, लोगों की धड़कनों के करीब रहने वाला करियर**

## कोर्स की योग्यता

- इस कोर्स में प्रवेश के लिए छात्रों को 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी/ गणित के साथ) न्यूनतम 50/55% अंकों से पास होना जरूरी है। सरकारी संस्थानों में केवल प्रवेश परीक्षा (**Entrance Test**) के आधार पर ही दाख़िला होता है।

## प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता दाख़िला



## यहां मिलेंगे नौकरी के अवसर

इस कोर्स के बाद छात्र कार्डियक सर्जरी विभागों, मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, आईसीयू यूनिट्स और हार्ट रिसर्च सेंटर में काम कर सकते हैं। सरकारी और निजी दोनों ही सेक्टर में इस प्रोफेशन की मांग लगातार बढ़ रही है।

## प्रमुख संस्थान जहां से कर सकते हैं कोर्स

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश
- जवाहरलाल आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुदुच्चेरी
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़)
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रोहतक (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक)
- अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एंड रिसर्च, कोच्चि (अमृता आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, कोच्चि)
- यू. एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर, अहमदाबाद (यू. एन. मेहता हृदय रोग एवं अनुसंधान केंद्र, अहमदाबाद)
- क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर

## निष्कर्ष

परफ्यूजन टेक्नोलॉजी मेडिकल क्षेत्र का वह विशेष हिस्सा है जो सर्जरी के दौरान मरीज की जान बचाने का कार्य करता है। अगर आप टेक्निकल ज्ञान के साथ मेडिकल सेवाओं में रुचि रखते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसमें स्किल्स और अनुभव के साथ करियर की ऊंचाइयों तक पहुंचने के अवसर मौजूद हैं।



## यह मिल सकता है वेतनमान

- क्षेत्र में शुरुआती वेतनमान 40,000 से 45,000 प्रतिमाह होता है। अनुभव के साथ यह वेतन 1,00,000 से 1,50,000 प्रतिमाह तक पहुंच सकता है। विदेशों में परफ्यूज़निस्ट की बहुत अधिक मांग और आकर्षक वेतन पैकेज होता है।
- **B.Sc in Perfusion Technology** की अवधि 4 वर्ष की होती है, जिसमें अंतिम वर्ष में इंटर्नशिप शामिल रहती है। कोर्स में थ्योरी, सर्जिकल एक्सपोज़र व क्लीनिकल ट्रेनिंग का समावेश होता है। यह आपके लिए एक बेहतर अवसर हो सकती है।

### क्या है टेक्नोलॉजी

- यह चिकित्सा विज्ञान की वह शाखा है जो प्रक्रियाओं के दौरान हृदय और फेफड़ों के कार्य का समर्थन करने और संभालने के लिए उपकरणों का उपयोग करती है।
- यह तकनीक हृदय-फेफड़े की मशीन (हार्ट-लंग मशीन) और अन्य जीवन रक्षक प्रणालियों जैसे कि **IABP**, **LVAD**, **RVAD** और **ECMO** के संचालन पर केंद्रित है।
- इसका मुख्य उद्देश्य सर्जरी के दौरान रोगी के शरीर में पर्याप्त ऑक्सीजनेशन (ऑक्सीजन का संचार) और परिसंचरण (रक्त प्रवाह) सुनिश्चित करना है।
- परफ्यूजन टेक्नोलॉजिस्ट सर्जिकल टीम का सदस्य होता है।
- हृदय और फेफड़ों की सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन और उपकरणों को संचालित करते हैं।
- वे रोगी की शारीरिक स्थिति की निगरानी करते हैं और सर्जरी के दौरान आवश्यक दवाओं और रक्त उत्पादों का प्रशासन सुनिश्चित करते हैं।

## इसलिए कर सकते हैं कोर्स

- परफ्यूज़न टेक्नोलॉजी का कार्डियोलॉजी से गहरा संबंध है, क्योंकि यह हृदय संबंधी उपचारों और प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परफ्यूज़निस्ट, कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग (सीएबीजी) या वाल्व रिप्लेसमेंट जैसी सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन का प्रबंधन करने के लिए हृदय रोग विशेषज्ञों और हृदय शल्य चिकित्सकों के साथ मिलकर काम करते हैं, जहाँ वे रक्त का उचित संचार और ऑक्सीजनीकरण सुनिश्चित करते हैं।
- यह सहयोग कार्डियोलॉजी में महत्वपूर्ण है, जहां सटीक और कुशल परफ्यूजन तकनीक हृदय शल्य चिकित्सा और अन्य हृदय संबंधी हस्तक्षेपों की सफलता को सीधे प्रभावित करती है।
- **मांग में पेशे:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर हैं, विशेष रूप से हृदय शल्य चिकित्सा और हृदय-फेफड़े की मशीनों से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं में।
- **विशिष्ट कौशल सेट:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी छात्रों को सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन जैसे जीवन रक्षक उपकरणों को संचालित करने के लिए तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करती है।
- **विविध कैरियर के अवसर:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक अस्पतालों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में काम कर सकते हैं, या कार्डियोवैस्कुलर विज्ञान या संबंधित क्षेत्रों में आगे की पढ़ाई कर सकते हैं।

---

# लोगों और जानवरों के लिए हाथ बढ़ाएं भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त बनाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश है जहां प्रकृति की सुंदरता और विविधता के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाएं भी आती हैं। बाढ़, भूकंप, चक्रवात, सूखा और भूस्खलन जैसी आपदाएं हर साल लाखों लोगों और जानवरों के जीवन को प्रभावित करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप, एक युवा और ऊर्जावान छात्र के रूप में, इन आपदाओं में बदलाव ला सकते हैं? आपकी छोटी-छोटी कोशिशें न केवल लोगों और जानवरों की जान बचा सकती हैं, बल्कि भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त भी बना सकती हैं। यह लेख आपको प्रेरित करने के लिए है कि कैसे आप आपदा पर्यावरण में मदद कर सकते हैं, लोगों और जानवरों के लिए सहायता का हाथ बढ़ा सकते हैं, और आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण कौशल विकसित कर सकते हैं।

## एक पोस्ट बचा सकती हैं हजारों जिंदगियां

**आपदा में सहायता की आवश्यकता क्यों? :** भारत में हर साल प्राकृतिक आपदाएं लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं।

**पंजाब की वर्तमान स्थिति और छात्रों की भूमिका:** जागरूकता और सावधानियां फैलाकर योगदान दें। प्रिय छात्रों, आज का समय चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह आपके जैसे युवा योद्धाओं के लिए अवसर है कि आप अपनी शक्ति से बदलाव लाएं। सितंबर 2025 में, पंजाब भयंकर बाढ़ की चपेट में है। भारी बारिश ने नदियों को उफान पर ला दिया है, हजारों लोग बेघर हो गए हैं, स्कूल-कॉलेज बंद हैं, और लाखों प्रभावित हैं। गांव डूबे हुए हैं, सड़कें जलमग्न हैं, और जीवन अस्त-व्यस्त है। लेकिन याद रखो, हर संकट में एक नई शुरुआत छिपी होती है। आप, छात्रगण, घर बैठे भी इस लड़ाई में शामिल हो सकते हैं – सोशल मीडिया के माध्यम से। सोशल मीडिया आपका हथियार है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स , और व्हाट्सएप पर अपनी आवाज बुलंद करो। जागरूकता फैलाओ, सावधानियां साझा करो, और लोगों को प्रेरित करो। तुम्हारी एक पोस्ट हजारों जिंदगियां बचा सकती है।

**जागरूकता फैलाएं:** बाढ़ की ताजा खबरें शेयर करें – सरकारी अलर्ट, बचाव कार्यों की अपडेट्स। पोस्ट में लिखें। पंजाब की बाढ़ में हम सब साथ हैं। जानकारी बचाएगी जान। हैशटैग जैसे **#PunjabFloods**2025, **#StaySafePunjab** इस्तेमाल करें। अपनी स्टोरी में वीडियो बनाओ जहां तुम बताओ कि बाढ़ क्यों आई और कैसे रोक सकते हैं।

**सावधानियां सिखाएं:** लोगों को बताओ कि बाढ़ में क्या करें और क्या न करें। उदाहरण-

- ऊंचे स्थानों पर जाएं, बाढ़ के पानी में न उतरें – यह जानलेवा हो सकता है।
- साफ पानी पिएं, उबला पानी इस्तेमाल करें ताकि बीमारियां न फैलें।
- बिजली के तारों से दूर रहें, और बच्चों को पानी के पास न खेलने दें।
- आपातकालीन नंबर (112 या स्थानीय हेल्पलाइन) शेयर करें।

अपनी पोस्ट में कहो, एक छोटी सावधानी, बड़ा बचाव! आओ, मिलकर पंजाब को मजबूत बनाएं।

**प्रेरणा दें:** दान अभियान शुरू करो – राहत सामग्री, दवाइयां, या फंडरेजर। अपनी क्लासमेट्स को जोड़ो, ग्रुप बनाओ। कहो: ₹हम छात्र हैं, हम बदलाव हैं! आज की आपदा कल की मजबूती बनेगी।

## सोशल मीडिया से क्रांति लाओ

घर बैठे सोशल मीडिया से क्रांति लाओ। तुम्हारी जागरूकता से कोई परिवार बचेगा, कोई गांव सुरक्षित होगा। उठो, पोस्ट करो, और दुनिया को दिखाओ कि युवा शक्ति क्या कर सकती है। जय हिंद, जय पंजाब। छात्रों के रूप में, आपके पास समय, ऊर्जा और सीखने की क्षमता है। आप न केवल तत्काल सहायता प्रदान कर सकते हैं, बल्कि दीर्घकालिक समाधान भी विकसित कर सकते हैं। महात्मा गांधी ने कहा था, “विश्व में जो बदलाव आप देखना चाहते हैं, वह स्वयं बनें।” आपदा प्रबंधन में आपका योगदान भारत को अधिक सुरक्षित और लचीला बना सकता है। यह न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि आपके व्यक्तिगत विकास और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने का अवसर भी है।

आपदा में लोगों और जानवरों की मदद कैसे करें? आपदा के समय सक्रिय होना सबसे महत्वपूर्ण है। यहां कुछ व्यावहारिक और प्रभावी तरीके दिए गए हैं जिनसे आप मदद कर सकते हैं:

**स्वयंसेवी कार्यों में भाग लें :** लोगों की मदद: स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) जैसे रेड क्रॉस, गो ग्रीन, या अन्य राहत संगठनों से जुड़ें। आपदा के दौरान राहत सामग्री जैसे भोजन, पानी, दवाइयां, कंबल और कपड़े वितरित करने में मदद करें। उदाहरण के लिए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सहायता करें या अस्थायी आश्रय स्थलों में उनकी देखभाल करें।

**जानवरों की सहायता:** आपदाओं में पशु भी उतने ही प्रभावित होते हैं जितने लोग। आवारा कुत्तों, बिल्लियों, या अन्य पशुओं को भोजन और पानी प्रदान करें। पशु चिकित्सा कैंप में स्वयंसेवक बनें, जहां घायल जानवरों का इलाज होता है। संगठन जैसे पेटा इंडिया या ब्लू क्रॉस ऑफ इंडिया के साथ मिलकर काम करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्न में कौन सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?
(ए) खड़ी बोली (बी) ब्रजभाषा
(सी) अवधी (डी) पालि

**2.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(ए) शारदा लिपि (बी) खरोष्ठी लिपि
(सी) कुटिल (डी) ब्राह्मी लिपि

**3.** हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(ए) गुरुमुखी (बी) ब्राम्ही
(सी) देवनागरी (डी)सौराष्ट्री

**4.** वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है?
(ए) अवधी (बी) ब्रजभाषा
(सी) खड़ी बोली (डी) देवनागरी

**5.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छतीसगढ़ी बोली है?
(ए) पूर्वी हिन्दी (बी)पश्चिम हिन्दी
(सी)पहाड़ी हिन्दी (डी)राजस्थानी

**6.** निम्नलिखित में से कौन सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?
(ए) बुन्देली (बी) ब्रजभाषा
(सी) कन्नौजी (डी) बघेली

**7.** भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?
(ए)343-351 तक (बी)434-315 तक
(सी)443-135 तक(डी) 334-153 तक

**8.** दक्षिणी भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहां स्थित है ?
(ए) हैदराबाद (बी) बंगलौर
(सी) चेन्नई (डी)मैसूर

**9.** हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?
(ए) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश -हिन्दी
(बी) प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी-पालि
(सी) अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-हिन्दी
(डी) हिन्दी-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत

**10.** संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है ?
(ए) संघ की राजभाषा
(बी) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(सी) पत्राचार की भाषा
(डी) हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

**उत्तर** 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(ए) 8. (सी)9. (ए) 10. (डी)

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगी पीड़ितों को लौटाए 19 लाख रुपये

**रोहतक।** पुलिस ने अगस्त माह के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार नागरिकों को 18 लाख 84 हजार 125 रुपये वापस दिलवाए हैं। यह जानकारी सहायक पुलिस अधीक्षक वाईवीआर शशि शेखर ने दी। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में जिले में साइबर अपराध से संबंधित कुल 440 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 57 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई।

### अर्थशास्त्र विभाग में फ्रेशर्स पार्टी का भव्य आयोजन

**रोहतक।** मदवि के अर्थशास्त्र विभाग में बीए. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा नव प्रवेश प्राप्त छात्रों के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। सहायक प्राध्यापक डॉ. बिमला ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### यश्वी के जन्मदिन पर घर पर ही लगाया पौधा

**रोहतक।** जन्मदिन को यादगार और विशेष बनाने के लिए बोहर के एक परिवार ने अनोखी पहल की है। समाजसेवी धर्म सिंह प्रजापति परिवार का कहना है कि बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता। अक्सर लोग जन्मदिन पर केक काटते हैं और आतिशबाजी या शोरगुल करते हैं, जिससे प्रदूषण फैलता है।

### इमसार में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

**रोहतक।** मदवि के प्रबंधन अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान (इमसार) में केस टीचिंग एंड केस राइटिंग विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य केस आधारित शिक्षण और लेखन की बारीकियों से परिचित कराना तथा प्रबंधन शिक्षा में केस पद्धति के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यशाला में एमडीआई गुड़गांव की प्रोफेसर पारुल गुप्ता और आईएमआई नई दिल्ली की प्रोफेसर शिखा भाटिया ने रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

## हर वार्ड में डेढ़ करोड़ से अधिक होंगे विकास कार्य

# रोहतक के नगर निगम को मिली 35 करोड़ की सौगात

### सत्ता-विपक्ष के पार्षद पहली बार एक मंच पर

*नगर निगम के इतिहास में पहली बार सत्ता और विपक्ष के सभी पार्षद एक मंच पर आए और 35 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया, राज्यसभा सांसद रामचंद जांगड़ा ने इंदौर मॉडल का उदाहरण देते हुए रोहतक में स्वच्छता पर जोर दिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम के राजनीतिक इतिहास में शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। पहली बार सत्ता और विपक्ष के सभी पार्षद एक मंच पर नजर आए। ओल्ड आईटीआई स्थित शहीद मदनलाल धींगड़ा सामुदायिक केंद्र में आयोजित सामूहिक शिलान्यास कार्यक्रम में करीब 35 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों की घोषणाएं की गईं। हर वार्ड में औसतन डेढ़ करोड़ रुपये के काम होंगे। कार्यक्रम में पहुंचे राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका और नगर निगम कमिश्नर डॉ. आनंद शर्मा ने सभी पार्षदों के साथ मिलकर शिलान्यास किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में शहरवासी भी मौजूद रहे। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा इंदौर नगर निगम ने साबित किया है कि अनुशासन और दृढ़ संकल्प से किसी भी शहर को स्वच्छ बनाया जा सकता है। वहां डस्टबिन से बाहर कूड़ा मिला तो सीधे 500 का चालान होता है। जब मेयर के भाई तक पर जुर्माना लगाया जा सकता है, तो वहां का हर नागरिक स्वच्छता के लिए गंभीर रहता है। रोहतक में भी यही मॉडल लागू करना होगा। 17 सितंबर को नई अनाज मंडी में भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह होगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि रहेंगे। उन्होंने नागरिकों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।




रोहतक। आयोजित सामूहिक शिलान्यास कार्यक्रम में सभी का अभिवादन तथा शिलान्यास करत करते राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, मेयर राम अवतार वाल्मीकि,नगर निगम कमिश्नर डॉ. आनंद शर्मा व सभी पार्षदों ।

### पार्षद ऐसा काम करें, लोग याद रखें : ग्रोवर

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा पार्षद अपने-अपने वार्ड में ऐसा काम करें कि लोग आने वाले वर्षों तक याद रखें। यह रोहतक के इतिहास का अनोखा पल है, जब सभी पार्षद एक मंच पर आए हैं। अब समय है कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अपने वार्डों में स्वच्छता और जनहित के अभियान चलाकर पूरी ईमानदारी से काम किया जाए। सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है और केंद्रीय शहरी निकाय मंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर वर्ग के कल्याण के लिए तत्पर हैं।

### इतिहास में पहली बार सामूहिक शिलान्यास : कमिश्नर डॉ. आनंद शर्मा

नगर निगम कमिश्नर डॉ. आनंद शर्मा ने कहा इतिहास में पहली बार ऐसा अवसर आया है, जब सभी वार्डों में विकास कार्यों का एक साथ शिलान्यास किया गया है। यह पारदर्शिता और सामूहिकता की दिशा में बड़ा कदम है। हर वार्ड में करीब डेढ़ करोड़ रुपये के कार्य होंगे, जिससे लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान होगा। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, प्रदेश सचिव रेनू डाबला सहित सभी पार्षद मौजूद रहे। मंच पर एक साथ खड़े होकर सभी ने संकल्प लिया कि रोहतक को स्वच्छता और विकास के नए मॉडल के रूप में पूरे प्रदेश में पहचान दिलाई

### हर वार्ड में समान विकास कार्य होंगे : मेयर

कार्यक्रम में मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा, हमारे लिए हर वार्ड समान है। बिना किसी भेदभाव के हर पार्षद की मांग के अनुसार काम होगा। निगम की ओर से सफाई का टेंडर हो चुका है और जल्द ही धरातल पर परिणाम दिखने लगेंगे। पिछली सरकारों में भेदभाव होता था, लेकिन भाजपा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हर वार्ड को समान बजट और सुविधा मिले। शेष साढ़े चार साल में नगर निगम पूरी ईमानदारी से शहरवासियों की सेवा करेगा और रोहतक को स्वच्छता व विकास में प्रदेश का नंबर वन शहर बनाएगा।



रोहतक। मीटिंग करते भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा (सीटू) के सदस्य।

## मजदूरों की अनदेखी के विरोध में 17 सितंबर को होगा प्रदर्शन

- भवन निर्माण कामगार यूनियन ने सरकार से पोर्टल खोलने और राहत देने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा (सीटू) ने सरकार पर मजदूरों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए 17 सितंबर को रोहतक में मुख्यमंत्री को गुहार लगाने का ऐलान किया है। इस सिलसिले में शुक्रवार को यूनियन की आपात बैठक जिला प्रधान सतपाल महम की अध्यक्षता में हुई।

प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड विनोद, जिला सचिव कमलेश लाहली और उपप्रधान संजीव सिंह ने कहा कि हाल की भारी बारिश और ड्रेन-नहर टूटने से बाढ़ जैसे हालात बने, जिससे मजदूर बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। कई मजदूरों के मकान ढह गए और निर्माण कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। ऐसे में मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार मजदूरों के कल्याण की बात करती है, लेकिन हकीकत यह है कि मजदूर कल्याण बोर्ड का पोर्टल दो महीने से बंद पड़ा है।सरकार 17 सितंबर को मजदूर सम्मान समारोह तो आयोजित कर रही है, लेकिन असली सम्मान तभी होगा जब प्रभावित मजदूरों को आर्थिक सहायता और रोजगार दिया जाएगा। यूनियन ने अपनी प्रमुख मांगें भी रखीं—बाढ़ प्रभावित परिवारों को मुआवजा और आवास की व्यवस्था, मजदूर कल्याण बोर्ड का पोर्टल खोलना, प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण फैमिली आईडी की शर्त हटाकर सुनिश्चित करना, मनरेगा में ग्रामीण-शहरी मजदूरों को काम उपलब्ध कराना और दैनिक वेतन 800 रुपये करना, साथ ही मजदूरों की 90 दिन की वेरिफिकेशन का अधिकार यूनियनों को देना।

निर्णय लिया गया कि 17 सितंबर को रोहतक के मानसरोवर पार्क में हजारों मिस्त्री-मजदूर एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन करेंगे। बैठक में रामभगत, सुभाष निंदाना, रवि रमेश, रविंद्र किलोई, श्यामसुंदर मायना, नरेश शिमली, सुंदर लाखनमाजरा और धर्मदास सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पखवाड़ा के रूप में मनाएंगे मोदी का जन्मदिन

- भाजपा सेवा पखवाड़ा: नेताओं को दी गई जिम्मेदारियां, विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



शमशेर सिंह खरक


**रक्तदान शिविर पूरे प्रदेश में आयोजित होंगे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भाजपा सेवा पखवाड़ा मनाने की तैयारियां शुरू कर दी है। 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक यह पखवाड़ा मनाया जाएगा। भाजपा सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांगों को कृत्रिम अंग, स्वच्छता अभियान और पौधरोपण जैसे दर्जनभर सेवा के कार्यक्रम होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सेवा पखवाड़ा के दौरान होने वाले कार्यक्रमों के लिए नेताओं की ड्यूटियां लगाई है। भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने बताया कि पूरे प्रदेश में रक्तदान शिविरों का आयोजन होगा जिसके लिए डॉ. जगजीत आहूजा, डॉ. पुष्पा बिश्नोई, अजय खुडिया को संयोजक नियुक्त किया गया है। इसी तरह से स्वच्छता अभियान के लिए जवाहर यादव, नताशा सिहाग, नागेन्द्र शर्मा, सुलेख डिडवाड़ा को जिम्मेदारी दी है। चिकित्सा कैंपों के लिए प्रवीन जैन, डा. रामबीर गोस्वामी, नेहा धवन, परीक्षित भारद्वाज, डा. आदित्य की संयोजक के रूप में ड्यूटियां लगाई है। शमशेर सिंह खरक ने बताया कि जिला स्तर पर प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन होंगे जिसके लिए नवीन गर्ग, सुनीता गोयल, एडवोकेट बलबीर सिंह, हरि प्रकाश संयोजक नियुक्त किए गए हैं। स्कूल ट्रेनिंग कम्पीटीशन के लिए कृष्ण ढुल, दीपक हुड्डा, निर्मला बैरागी, बरखा यादव को जिम्मेदारी दी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शियां लगाई जाएंगी जिनकी जिम्मेदारी विकास दहिया, मेरे अलावा गोपाल शर्मा, नीरा तोमर संयोजक नियुक्त किए हैं। खरक ने बताया कि युवा मैराथन के लिए संजय सिंह, सरोज सिहाग, कृष्ण छोक्कर, दिनेश घिलौड़ को जिम्मेदारी दी है।

## 'आतिथ्य व पर्यटन में डिजिटल परिवर्तन' पर व्याख्यान

- पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग में डिजिटल तकनीकों के महत्व पर की सार्थक चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। विद्यार्थियों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के डॉ. अंकुश अंबरदार।

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) में आतिथ्य और पर्यटन में डिजिटल परिवर्तन विषय पर एक प्रेरक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के डॉ. अंकुश अंबरदार ने भाग लिया।

डॉ. अंकुश अंबरदार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि ये तकनीकें अतिथि अनुभव को बेहतर बनाने, ऑनलाइन बुकिंग को सरल करने और व्यक्तिगत मार्केटिंग को सक्षम करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

इस संदर्भ में उन्होंने मेकमायट्रिप और ओयो जैसे प्लेटफॉर्म के उदाहरण भी प्रस्तुत किए। आईएचटीएम के निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने डॉ. अंबरदार का स्वागत करते हुए कहा कि डिजिटल नवाचार आतिथ्य और पर्यटन उद्योग के भविष्य को दिशा प्रदान कर रहा है। प्रो. दहिया ने आईएचटीएम द्वारा हाल ही में शुरू किए गए बीबीए (एईडीपी) अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम इन हॉस्पिटैलिटी एंड सर्विसेज मैनेजमेंट की जानकारी भी साझा की। यह कोर्स छात्रों को उद्योग-उन्मुख और डिजिटल कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्रो. संदीप मलिक, डॉ. गुंजन मलिक, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. गोल्डी पुरी, डॉ. ज्योति, डॉ. शिल्पी और डॉ. अनूप सहित कई प्रतिष्ठित संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

## खिड़वाली में रुपयों के लेन-देन को लेकर हमला, युवक की उपचार के दौरान मौत

- दो आरोपियों को किया गिरफ्तार दोनों पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रुपये के लेनदेन को लेकर गांव खिड़वाली में दो युवकों पर लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। इस हमले में गंभीर रूप से घायल हुए दिल्ली निवासी युवक दीपक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में में पेश किया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### विवाद की जड़ बना रुपयों का लेनदेन

थाना सदर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गांव रोहट निवासी विकास की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि विकास की बुआ ने अपने हिस्से की जमीन बेची थी। इस रुपये को लेकर विकास की बुआ के बेटे अंकुश ने विकास को फोन किया था। इसके बाद 9 सितंबर को विकास अपने दोस्त दीपक निवासी किलोई, हाल नजफगढ़ (दिल्ली) के साथ खिड़वाली गांव स्थित बुआ के घर पहुंचा था।

**लाठी-डंडों से किया हमला:** शिकायत के अनुसार जब दोनों युवक रुपये लेने पहुंचे तो घर पर विकास की बुआ, उसके पति जोगिंद्र, बेटा अंकुश, अंकुश की पत्नी समेत 8-9 अन्य लोग मौजूद थे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और उन्होंने विकास व दीपक पर लाठी-डंडों से हमला किया। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

**इलाज के दौरान दीपक की मौत:** 10 सितम्बर को इलाज के दौरान दीपक ने दम तोड़। विकास को चोटें आईं, लेकिन उसकी जान बच गई। दीपक की मौत पर पुलिस ने हत्या की धाराएं लगा कर जांच तेज की।

**पुलिस की कार्रवाई:** मामले की जांच सब-इंस्पेक्टर हंसराज द्वारा अमल में लाई जा रही है। पुलिस ने 11 सितम्बर को मुख्य आरोपी अंकुश निवासी खिड़वाली और मोहित निवासी जसिया को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

## 14 सितंबर को रोहतक में लगेगा कुदरती खेती प्रशिक्षण शिविर

- प्राकृतिक खेती से लागत घटती है मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है व उपज का पोषण मूल्य सुधरता है: डॉ. राजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कुदरती खेती अभियान, हरियाणा द्वारा आत्मनिर्भर जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए आगामी रविवार 14 सितम्बर को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर रोहतक स्थित स्वामी नित्यानंद स्कूल (शीला और दिल्ली चौक के बीच) के प्रांगण में सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा। इस मासिक प्रशिक्षण शिविर में किसानों को बिना यूरिया, डीएपी या किसी भी अन्य कंपनी उत्पाद के प्रयोग के प्राकृतिक तरीकों से खेती करने की जानकारी दी जाएगी। शिविर में यह बताया जाएगा कि किस प्रकार बिना रसायनों के प्रयोग के भी भूमि की उपजाऊ शक्ति को बढ़ाया जा सकता है और फसल को संतुलित पोषण उपलब्ध कराया जा सकता है। साथ ही बीमारियों और कीटों से बचाव के लिए देसी नुस्खों और तरीकों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। कुदरती खेती अभियान, हरियाणा के सलाहकार एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि स्वावलंबी जैविक खेती में रासायनिक खेती के मुकाबले समान या उससे अधिक पैदावार ली जा सकती है, लेकिन इसके लिए खेती के तरीकों में कुछ बदलाव करने जरूरी हैं।

## एआई टूल्स और टेक्नीक्स से कदमताल करें मीडिया के विद्यार्थी: डॉ. अशोक कुमार

- मीडिया और जीवन के विभिन्न आयामों में एआई की भूमिका की छात्रों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोतहक



एआई दुनिया को बदलने जा रही है। बगैर एआई कौशल के आप कामयाब नहीं हो पाएंगे। यदि विद्यार्थियों ने एआई टूल्स एवं टेक्नीक्स से कदमताल नहीं किया तो वे पिछड़ जाएंगे। एआई एनेबल्ड बनने का गुरु मंत्र आज एआई ट्रेनर, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में आयोजित- एआई लिटरेसी एंड एप्लीकेशंज फॉर मीडिया विषयक कार्यशाला में दिया। मीडिया क्षेत्र, हेल्थ केयर, डिजीटल मार्केटिंग,अनुप्रयुक्त शोध समेत जीवन के विभिन्न आयामों में एआई के बढ़ते कदम का विस्तृत ब्यौरा डॉ. अशोक कुमार ने इस कार्यशाला में दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि एम्प्लायबिलिटी के अवसर में वृद्धि के लिए एआई स्किल्स जरूरी है। विशेष रूप से मीडिया क्षेत्र में न्यूज रूम में एआई टूल्स के इस्तेमाल का विवरण डा. अशोक कुमार ने दिया। उन्होंने उपयुक्त एआई प्राम्प्ट्स सीखने का रास्ता कार्यशाला में प्रशस्त किया।

## पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग व बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में छात्रों ने लिया भाग

# 'डस्टबिन से ट्रॉली तक' प्रतियोगिताओं मे दिखाई प्रतिभा

- कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समाज को स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के विधिक सहायता क्लब द्वारा कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एचएल वर्मा के मार्गदर्शन में हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के अंतर्गत "डस्टबिन से ट्रॉली तक" विषय पर पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समाज को स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।




### विजेताओं को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) बीएम यादव, डीन मानविकी संकाय द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में प्रो. (डॉ.) ब्रह्म प्रकाश एवं डॉ. मंजीत शामिल रहे। आयोजन की संयोजक विधि संकाय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. प्रमिला रहीं। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी सृजनात्मकता एवं नवाचार का शानदार प्रदर्शन किया। आकर्षक पोस्टरों, प्रभावशाली नारों और बेकार सामग्री से बने उपयोगी उत्पादों के माध्यम से प्रतिभागियों ने स्वच्छता का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता: हर्ष एवं आस्था (प्रथम), खुशी (द्वितीय), पिंकी एवं प्रदीप (तृतीय)रही। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता: नवल किशोर (प्रथम), शुभम एवं तनशु (द्वितीय)रहे। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता: श्रवण-यशु एवं सुमन-पायल (प्रथम), मुस्कान-कशिश एवं सहज (द्वितीय), ज्योति-पिंकी एवं सलोनी-ज्योति (तृतीय) रहे। विभाग के डीन डॉ. मनीष दलाल एवं डिप्टी डीन डॉ. रितु ने विजेताओं एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने इस पहल को सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक विकास की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया। प्रतियोगिताओं की सफलता पर कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा तथा रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आयोजकों और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संकाय की ओर से डॉ. सीमा देवी, डॉ. सोनिया, डॉ. राजरानी, डॉ. नेहा, डॉ. हरविंदर, डॉ. राहुल और डॉ. विनती भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विजेताओं को सम्मानित करने एवं छात्रों को स्वच्छता अभियान में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करने के साथ हुआ।

### आत्महत्या रोकथाम के लिए किया जागरूक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग ने आत्महत्या रोकथाम विषय पर कार्यशालाओं, संवाद सत्रों और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों, अभिभावकों और संकाय सदस्यों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आत्महत्या जैसी गंभीर समस्या की रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयासों को सशक्त बनाना रहा। यह पहल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित राष्ट्रीय टास्क फोर्स ऑन स्टूडेंट मेंटल हेल्थ एंड सुसाइड प्रिवेंशन की अपील के अनुरूप आयोजित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों और अन्य हितधारकों से सुझाव व आंकड़े भी जुटाए गए, ताकि छात्र कल्याण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। संयोजक प्रो. शालिनी सिंह ने कहा कि हर जीवन अनमोल है और जागरूकता ही आत्महत्या रोकथाम की सबसे बड़ी कुंजी है। जनसंपर्क निदेशक ने बताया कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह और रजिस्ट्रार डॉ. केके गुप्ता के मार्गदर्शन में चल रहा यह अभियान हरियाणा सरकार व भारत सरकार की भावना के अनुरूप छात्र समुदाय को सुरक्षित व सकारात्मक वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**सूचना**

मैं, अशोक कुमार पुत्र श्री दिलबाग निवासी सैमाण, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र जतिन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### 10 मीटर एयर पिस्टल में आशीष का बेहतर प्रदर्शन

**रोहतक।** मायना के निशानेबाज आशीष चौधरी पंघाल ने इंदौर ज़ोन स्कूल ट्रायल्स में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।



10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा (अंडर-19 वर्ग) में, द डेली कॉलेज, इंदौर के कक्षा 12 के छात्र आशीष ने 400 में से 372 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पिता एडवोकेट राजनारायण पंघाल ने कहा कि उन्होंने आगामी स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) राष्ट्रीय स्कूल गेम्स शूटिंग में मप्र का प्रतिनिधित्व करने की योग्यता प्राप्त कर ली है, जो दिसंबर 2025 के चौथे सप्ताह में इंदौर में आयोजित होने वाला है।

### इलेक्ट्रिक बसों का विरोध डिपो में गेट मीटिंग

**रोहतक।** ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट फेडरेशन के आह्वान पर शुक्रवार को रोहतक डिपो में गेट मीटिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान नरेश सिवाच ने की जबकि संचालन डिपो सचिव राजीव कुमार ने किया। इस मौके पर महाप्रबंधक के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा गया, जिसमें मांग की गई कि हरियाणा रोडवेज में इलेक्ट्रिक बसें प्राइवेट ठेके पर न दी जाएं। ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव सुमेर सिवाच ने कहा कि अंबाला, रोहतक, हिसार, रेवाड़ी और सोनीपत डिपो में प्राइवेट इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं।

### सुख-समृद्धि और करियर अवसर पर व्याख्यान

**रोहतक।** मदवि के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में सुख-समृद्धि : करियर अवसरों की आधारशिला विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुधीर अत्री, विभागाध्यक्ष (मेडिसिन), इंचार्ज क्लीनिकल हेमेटोलॉजी, पीजीआईएमएस ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

# मदीना के 1500 एकड़ रकबे में जमा बरसाती पानी, नहीं हो रही निकासी

## मुसीबतः एक साल पहले ही खोदी गई ड्रेन से पानी निकासी का कोई इंतजाम नहीं

### भिवानी डिस्ट्रीब्यूटरी नहर पर बनाया गया स्थाई पंप हाऊस भी पड़ा है बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

मदीना गांव में 1500 एकड़ से भी अधिक रकबे में बरसाती पानी भरा हुआ है। खेतों में खड़ी फसलें पानी में डूब चुकी हैं। अजायब व गिरावड़ गांव की ओर जाने वाली सड़कों पर जहां तक आदमी की नजर जाती है वहीं तक पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। गांव के बरसाती पानी की निकासी के लिए भराण रोड पर भिवानी डिस्ट्रीब्यूटरी नहर पर बनाया गया स्थाई पंप हाऊस भी बंद पड़ा है।



### सरकार या प्रशासन ने अब तक कोई विशेष योजना नहीं बनाई

गांव मदीना कोरसान की सरपंच अनीषा, सरपंच के पति संदीप कुमार, समाजसेवी अशोक दांगी, प्रवीन कुमार, लक्ष्य दांगी, किसान सोमबीर, अरुण और राहुल ने बताया कि उनके गांव के बरसाती पानी की निकासी के लिए सरकार या प्रशासन द्वारा अब तक कोई विशेष योजना नहीं बनाई गई है। पानी की निकासी प्राकृतिक बहाव से जल्दी होती है। लेकिन जो योजना वर्षों पूर्व बनाई गई थी, उसमें पानी की लिफ्टिंग का प्रावधान किया गया है। कभी बिजली नहीं आती तो कभी प्रशासन के पंप हाऊस को चलाने में नियम आड़े आ जाते हैं। कभी मोटरें फुंक जाती हैं, तो कभी कुछ अड़चन आ जाती है। जिस वजह से खेतों के पानी की निकासी नहीं हो पाती।

### डेढ़ हजार एकड़ में खड़ी फसलें तबाह हो गई

अब भी गांव के लोग पिछले एक महीने से भी अधिक समय से बरसाती पानी की निकासी की बाट जोह रहे हैं, लेकिन प्रशासन के आदेश पर सिंचाई विभाग ने स्थाई पंप हाऊस बंद कर रखे हैं। डेढ़ हजार एकड़ में खड़ी फसलें तबाह हो गई हैं। अब किसानों को इस बात की चिंता सता रही है कि कब पंप चालू होंगे और कब खेतों का पानी निकाला जाएगा। यदि इस तरह पानी निकासी का कार्य ठप पड़ा रहा तो गेहूं की फसल की बिजाई भी नहीं हो सकेगी। मदीना गांव के ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता से उनके गांव के लिए पानी निकासी का स्थाई समाधान निकालने और बंद पड़े पंप हाऊसों को चलाने की मांग की है।

### एक साल पहले एक ड्रेन बनाई गई थी

भराण रोड के मोड़ पर गांव की बस्ती के पास बनाई गई नई ड्रेन पर बनाया गया पंप हाऊस निर्माण के बाद से ही कभी चला ही नहीं है। गांव अजायब रोड के साथ साथ एक साल पहले एक ड्रेन बनाई गई थी। इस ड्रेन को आगे किसी रजवाहे, ड्रेन अथवा नहर से कॉनेक्ट ही नहीं किया गया। जिस वजह से यह ड्रेन भी पानी से लबालब भरी पड़ी है।

## शहर के पाडा मोहल्ले में पीने के पानी का संकट

# महिलाओं ने पानी के लिए सुबह चार बजे विधायक-पार्षद का खटखटाया दरवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

*मोहल्ले में पिछले काफी समय से कहीं पानी ही नहीं तो कहीं दूषित पानी मिल रहा। महिलाओं का कहना है कि लंबे समय से उन्हें पीने के पानी की भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही है।*

शहर के पाडा मोहल्ले में पीने के पानी का संकट इस कदर गहराता जा रहा है कि परेशान महिलाएं आधी रात को अपने जनप्रतिनिधियों के घरों के दरवाजे खटखटाने तक पहुंच गईं। शुक्रवार तड़के साढ़े तीन बजे वार्ड-7 की महिलाएं पार्षद कपिल नागपाल के घर पर पानी की गुहार लेकर पहुंचीं। जब वहां समाधान नहीं निकला तो करीब चार बजे पार्षद को लेकर महिलाएं सीधे विधायक भारत भूषण बतरा के घर पहुंच गईं। वहां उन्होंने एक घंटे तक लगातार दरवाजा खटखटाया, लेकिन न तो विधायक बाहर आए और न ही घर का कोई सदस्य। महिलाओं का कहना है कि लंबे समय से उन्हें पीने के पानी की भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। मोहल्ले की स्थिति ऐसी हो चुकी है कि लोगों को रोजाना घर चलाने के लिए 500 रुपये का निजी टैंकर मंगवाना पड़ रहा है। यह खर्च न केवल उनके बजट को बिगाड़ रहा है बल्कि गरीब परिवारों की स्थिति और भी खराब हो रही है।

### जनता की चेतावनी सड़क पर उतरेंगे

मोहल्ले के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। महिलाओं का कहना है कि वे अब चुप बैठने वाली नहीं हैं। उन्होंने साफ कहा कि चाहे आधी रात हो या दोपहर, वे अपने हक के लिए नेताओं और अधिकारियों का दरवाजा खटखटाती रहेंगी।



विधायक के घर के बाहर विरोध प्रकट करतीं महिलाएं।

### पार्षद बोले बार-बार उठाया मुद्दा, विभाग नहीं कर रहा स्थायी समाधान

*वार्ड-7 के पार्षद कपिल नागपाल का कहना है कि उन्होंने नगर निगम की बैठकों में एक बार नहीं बल्कि कई बार पाडा मोहल्ले की पानी समस्या का मुद्दा उठाया है। बावजूद इसके जनस्वास्थ्य विभाग ने अब तक स्थायी समाधान नहीं किया। कपिल नागपाल ने बताया कि कुछ माह पहले उन्होंने विभाग के खिलाफ धरना तक दिया था। उसके बाद कुछ इलाकों में आंशिक राहत जरूर मिली लेकिन पाडा मोहल्ले जैसे क्षेत्रों में हालात जस के तस बने हुए हैं। विभाग की लापरवाही के कारण लोगों को मजबूरी में रात के अंधेरे में नेताओं और अधिकारियों के दरवाजे खटखटाने पड़ रहे हैं। यह स्थिति बेहद शर्मनाक है और इसका समाधान होना चाहिए।*

### विधायक खामोश, जनता बेहाल

विधायक भारत भूषण बतरा के घर पहुंची महिलाओं ने बताया कि वे लगातार दरवाजा खटखटाती रहीं, लेकिन किसी ने भी बाहर निकलकर उनकी सुध नहीं ली। इस रवैये से मोहल्ले के लोग बेहद नाराज हैं। उनका कहना है कि जब जनप्रतिनिधि जनता की समस्या पर ध्यान नहीं देंगे तो आम आदमी किसके पास जाए।

### महिलाओं की पीड़ा 'पानी के बिना जीना मुश्किल

महिलाओं का कहना है कि सुबह से लेकर रात तक पानी की चिंता लगी रहती है। नहाने, धोने और खाना बनाने तक में समस्या आ रही है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई भी प्रभावित हो रही है क्योंकि पानी लाने और संभालने में पूरा दिन निकल जाता है। महिलाओं का कहना है कि बार-बार अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद नतीजा शून्य रहा है। वे इस बात से बेहद आहत हैं कि विधायक और पार्षद के घर जाकर भी उन्हें राहत नहीं मिली।

### 500 रुपये तक का बोझ बढ़ा

महिलाओं ने बताया कि पानी के टैंकर का खर्च 500 रुपये रोजाना तक पहुंच रहा है। हर परिवार को मिलकर टैंकर मंगवाना पड़ता है। मजदूरी करने वाले और गरीब परिवार इतने पैसे कहां से लाएं। कई बार तो महिलाएं मजबूरी में पड़ोस या अन्य इलाकों से पानी उधार लाती हैं। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल जनस्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर खड़ा हो रहा है। विभाग की ओर से न तो पाइपलाइन की स्थिति सुधारी गई है और न ही नियमित सप्लाई दी जा रही है। यह स्थिति केवल पाडा मोहल्ले की नहीं बल्कि शहर के कई हिस्सों में देखने को मिल रही है।

## रोडवेज की आंखें बंद

# महम में बाईपास से गुजर रही बसें, यात्री परेशान



- बाईपास से शहर की दूरी 3 किमी
- परिवहन मंत्री के नाम एसडीएम मुकुंद को सौंपा ज्ञापन
- बसें शहर के बीच से गुजारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

हरियाणा रोडवेज और सहकारी समितियों की कई बसें महम में बाइपास से होकर गुजर रही हैं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बस चालक यात्रियों को रात के अंधेरे में शहर से दूर सुनसान जगह पर उतारकर चले जाते हैं। यात्रियों के साथ लूटपाट व अन्य किसी भी तरह की वारदात हो जाने का खतरा बना रहता है। परेशान क्षेत्रवासियों ने इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर परिवहन मंत्री के नाम एसडीएम मुकुंद ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्रवासियों ने कहा है कि रोडवेज व अन्य प्राइवेट बसों का प्रतिदिन बाईपास जाना महम के लिए अभिशाप साबित हो रहा है। अक्सर देखा जाता है कि दिल्ली सिरसा चलने वाली सभी डिपो की बसें महम शहर से ना हो कर बाईपास निकाल दी जाती हैं। दिन में और अक्सर रात के अंधेरे में महम बाईपास पर शहर व गांव संबंधित सवारियों को उतार दिया जाता है।

बाईपास से शहर की दूरी लगभग 3 किलोमीटर है। घना अंधेरा बीच में छाया रहता है। जिसके कारण पहले भी कई बार घटनाएं हो चुकी हैं और नई घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है लेकिन रोडवेज विभाग ड्राइवर अपने मनमर्जी से ही कार्य कर रहे हैं। पहले भी इस संबंध में शिकायत हरियाणा के परिवहन मंत्री तक पहुंची थी। उस समय महम शहर के दोनों तरफ रोहतक रोडवेज महाप्रबंधक ने 2 महीने तक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी तब काफी स्थिति ठीक हो गई थी। लेकिन अब बिल्कुल अव्यवस्था हो चुकी है। सभी डिपो की बसें और प्राइवेट बसें बाहर से जा रही हैं। यात्रियों ने परिवहन मंत्री से शहर के बीच से बसें निकालने के लिए अधिकारियों को पाबंद करने की मांग की है।

## एमडीएन में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम

### छात्र-छात्राओं ने हिंदी भाषा के प्रति निष्ठा, श्रद्धा का भाव प्रकट किया



**रोहतक।** एमडीएन पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के पावन उपलक्ष्य में एक विशेष प्रार्थना सभा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर संपूर्ण शिक्षण-समुदाय एवं छात्र-छात्राएं हिंदी भाषा के प्रति अपनी निष्ठा, श्रद्धा और गौरव भाव प्रकट करने के लिए एकत्रित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक प्रार्थना एवं सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात सभा में 'सुविचार' तथा 'आज का शब्द' प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने विद्यार्थियों में हिंदJी भाषा के प्रति गर्व और आत्मीयता की भावना जागृत की। छठी के विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा की महत्ता को रेखांकित करती हुई एक भावपूर्ण लघु नाटिका प्रस्तुत की। इस प्रस्तुति ने न केवल विद्यार्थियों को हिंदी की ऐतिहासिक गरिमा से परिचित कराया, बल्कि मातृभाषा के संवर्धन का दायित्व भी स्मरण कराया। इसके उपरांत दसवीं के विद्यार्थियों ने एक सुरमय गीत प्रस्तुत कर वातावरण को हृदयस्पर्शी और आनंदमय बना दिया। प्राचार्या मीनू टहल्यानी ने कहा कि हिंदी हमारी अस्मिता और संस्कृति की धरोहर है।





### आईबी स्कूल में अलंकरण समारोह बड़े धूमधाम से मनाया

**रोहतक।** आईबी स्कूल में अलंकरण समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल काउंसिल एवं हाउस काउंसिल के नवनियुक्त सदस्यों को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में सैश व बैज पहनाकर सम्मानित किया गया।

विद्यार्थियों को सम्मानित करने का कार्य स्कूल के चेयरमैन अमरजीत सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक निदेशक डॉ. अजीत सिंह धुल, शैक्षणिक निदेशक एसबी राठी एवं प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में सभी नवनियुक्त सदस्यों ने निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया।

### जीपीएस शुगर मिल कॉलोनी में बच्चों के दांतों की जांच की



रोहतक। कार्यक्रम में बच्चों के साथ डॉ. विशाल मोंगिया, डॉ. विकास सैनी, डॉ. नवीन व शिक्षक।

**रोहतक।** जीपीएस शुगर मिल कॉलोनी में शुक्रवार आरबीएसके जांच कार्यक्रम के साथ-साथ 1 से 15 सितंबर तक चल रहे ओरल हेल्थ पखवाड़े के तहत विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। इस मौके पर डॉ. विशाल मोंगिया, डॉ. विकास सैनी, डॉ. नवीन और डॉ. रोमा ने बच्चों के दांतों की जांच की।डॉक्टरों ने विद्यार्थियों को दांतों की देखभाल, नियमित ब्रश करने और खानपान की आदतों का दांतों पर पड़ने वाले असर के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बच्चों को बताया गया कि ओरल हेल्थ केवल दांतों की सुंदरता ही नहीं बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को टूथब्रश भी वितरित किए गए ताकि वे नियमित रूप से ब्रश करने की आदत डाल सकें। शिक्षकों और अभिभावकों ने डॉक्टरों की इस पहल की सराहना की और बच्चों को आगे भी ओरल हेल्थ के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

### आर्य समाज बोहर में हिंदी दिवस पर हिंदी सत्याग्रहियों का होगा सम्मान

आयोजन की अध्यक्षता महाविद्यालय गुरुकुल झज्जर के आचार्य विजयपाल करेंगे

**रोहतक।** हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर रविवार को आर्य समाज बोहर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 1957 के हिंदी सत्याग्रहियों और उनके पारिवारिक जनों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन की अध्यक्षता महाविद्यालय गुरुकुल झज्जर के आचार्य विजयपाल करेंगे। मुख्य यज्ञमान के रूप में वार्ड-10 से पार्षद सुमित नांदल रहेंगे। कार्यक्रम में वैदिक प्रवक्ता महावीर धीर और राहुल आर्य मुख्य वक्ता होंगे। आर्य समाज बोहर में शुक्रवार को हुई बैठक में कृष्णदेव शास्त्री ने बताया कि हिंदी दिवस पर यह सम्मान समारोह ऐतिहासिक महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के बाद 1957 में पंजाब हिंदी रक्षा आंदोलन हरियाणा की जनता पर हुए भाषायी अन्याय के खिलाफ लड़ा गया था।





#### हिंदी सत्याग्रही एवं उनके परिजन भाग लेंगे

इस आंदोलन में पचास हजार से अधिक आर्य सत्याग्रहियों ने जेल भर दी थी। अनेक वीर शहीद हुए और कई ने गंभीर यातनाएं और आर्थिक हानियां सही थीं। इस अवसर पर पूरे हरियाणा से हिंदी सत्याग्रही एवं उनके परिजन भाग लेंगे। साथ ही 4 सितंबर से लगातार चल रहे अतिवृष्टि निरोधक यज्ञ की पूर्णाहुति भी इसी दिन की जाएगी। कार्यक्रम में आर्य समाज बोहर के प्रधान धनीराम आर्य सहित अजय नांदल, मोहन पहलवान, मनदीप आर्य, बलबीर सिंह नांदल, राजीव नांदल, अशोक नांदल, आकाश हुड्डा, कर्मवीर नांदल, मोनू नांदल, यज्ञबीर आर्य और रोहतास नांदल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## जितनी अधिक बारिश, उतना अधिक जलभराव, अत्याधिक पानी निगल जाता है फसलों को

# भूजल स्तर में इस बार होगी ज्यादा बढ़ोतरी रोहतक जिला में खेती पर बढ़ेगा और संकट

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

इस बार रोहतक जिला में सामान्य से 45 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। मानसून की विदाई में अभी एक सप्ताह और भी शेष है। अत्याधिक मात्रा में बरसात होने का असर जिले पर इस समय पड़ ही रहा है। क्योंकि फसलें तबाह हो चुकी हैं। इसके अलावा ज्यादा बारिश होने का प्रभाव भूजल स्तर पर भी पड़ेगा। जमीनी पानी का स्तर जितना अधिक बढ़ेगा, उतना ही फसलों को खतरा होगा।

स्तर बढ़ने से फसलों में जलभराव होता है। क्योंकि जलस्तर जितना ऊपर होगा, उतनी फसलें जल्दी खराब होंगी। जल विशेषज्ञों का कहना है कि अन्य वर्षों की अपेक्षा इस बार भूजल स्तर में ज्यादा बढ़ोतरी होगी। इसकी वजह वैज्ञानिक ज्यादा बारिश बता रहे हैं। पानी का स्तर कितना बढ़ेगा, इसकी जानकारी अक्टूबर में ही मिलेगी। सिंचाई विभाग ग्रामीण क्षेत्र के 79 कुओं का लेवल जांच करके ये बताएगा कि इस बार जमीनी पानी कितना बढ़ा है।

**जलभराव है बड़ी समस्याः** गत वर्ष से 22 प्रतिशत कम बरसात होने के बाद भी भूजल स्तर में 0.094 मीटर हो गई थी। इस बार सामान्य से 45 फीसदी ज्यादा बरसात हुई है। ऐसे में ज्यादा बढ़ोतरी की पूरी आशंका जल विशेषज्ञों को है। अब बरसात रुके हुए एक सप्ताह हो चुका है। लेकिन जलभराव अभी भी पहले की तरह ही है। जितने ज्यादा दिन जलभराव रहेगा, जमीनी पानी का स्तर उतना ही अधिक बढ़ेगा। और इतना खेती पर संकट छाएगा। ध्यान रहे कि जिले में थोड़ी सी ज्यादा बारिश होते ही फसलें खराब हो जाती हैं।



### बढ़ रहा है 30 साल से

ध्यान रहे कि वर्ष 2024 में जिला में 365 एमएम बारिश हुई थी। जोकि सामान्य से 22 प्रतिशत कम थी। इस बार अभी तक 51 प्रतिशत अधिक 626.6 मिलीमीटर हो चुकी है। ऐसे में अब जिला का भूजल स्तर और बढ़ेगा। सर्वविदित है कि वर्ष 1995 में आई बाढ़ के बाद से भूजल स्तर बढ़ने का सिलसिला अभी तक बंद नहीं हुआ है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि साल 2024 में जमीनी पानी का एवरेज स्तर 3.88 मीटर था। जो इस वर्ष बढ़कर 3.786 मीटर हो गया है। यानी के एक साल में 0.094 मीटर पानी की बढ़ोतरी हो गई है।

### 4 मीटर से ज्यादा होना चाहिए

सरकारी रिपोर्ट में बताया गया है कि जिले की कुल 412436 कृषि योग्य भूमि में से मात्र 50075 एकड़ जमीन ऐसी है, जो पूरी तरह से खेती के लायक है। 362361 एकड़ जमीन सेमग्रस्त है। 362361 एकड़ में से 330095 एकड़ ऐसी है, जिसका भूजल स्तर 0 से 1.5 मीटर तक है। 32266 एकड़ ऐसी है, जिसका जमीनी पानी का स्तर 1.5 से 3 मीटर तक है। कृषि विभाग उस जमीन को पूरी तरह से खेती के लायक मानता है,जिसका भूजल स्तर पर 4 मीटर से ज्यादा हो। ऐसे में फसल बाढ़ की चपेट में नहीं आती है। क्योंकि जमीन बरसाती पानी को सोख लेती है। जिससे फसल खराब नहीं होती।

### साल में दो बार लिए जाता है डाटा

पानी का स्तर मापने के लिए सिंचाई विभाग साल में दो बार डाटा एकत्रित करता है। एक बार मानसून से पहले जून में और दूसरी बार मानसून की विदाई बाद अक्टूबर में। मानसून 2025 से पहले जमीन का पानी स्तर लेकर उसका मिलान मानसून 2024 से किया जाता है। यह प्रक्रिया अक्टूबर में अपनायी जाती है। जून में पानी का स्तर नीचे होता है। जबकि अक्टूबर बारिश की वजह से ऊपर आ आता है। मालूम रहे कि रोहतक समेत प्रदेश के बारह-चौदह जिले सेमग्रस्त हैं। 11-12 एकड़ जमीन इससे प्रभावित है।

### श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में दो दिवसीय कैरियर कैंपेन का सफल आयोजन



**रोहतक।** श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में दो दिवसीय कैरियर कैंपेन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की, जबकि आयोजन में ईएसएस इंस्टीट्यूटका विशेष सहयोग रहा। इस बार कैंपेन का मुख्य विषय आईटी अप्सकिलिंग, करियर ग्रोथ एंड प्लेसमेंट अपॉर्च्युनिटीज रखा गया। कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल की संयोजिका डॉ. सनी कपूर ने बताया कि इस कैंपेन का उद्देश्य तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को उनके विषयानुसार करियर विकल्पों एवं प्लेसमेंट की जानकारी देना था।

साथ ही प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों को रोजगारोन्मुख कोर्सेस और इंटर्नशिप अवसरों से अवगत कराना भी इस पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। ईएसएस इंस्टीट्यूट से आए विशेषज्ञ नवीन गोस्वामी ने विद्यार्थियों को स्किल बेस्ड कोर्सेस जैसे डेटा एनालिसिस, फुल स्टैक डेवलपमेंट, स्टैक, डिजिटल मार्केटिंग, एडवांस एक्सेल, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस 365, टेली प्राइम, क्विक बुक्स आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि विद्यार्थियों को उद्योग आधारित परियोजनाओं एवं इंटर्नशिप से जोड़ना उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है और भविष्य के करियर के लिए तैयार करता है। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन डॉ. सनी कपूर, डॉ. संदीप, प्रीति यादव एवं मधु के निर्देशन में किया गया।